Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding issuance of caste certificates to Kharwar tribal community in Rohtas and Kaimur districts of Bihar-laid.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): बिहार के रोहतास एवं कैमूर जिला सहित पूरे राज्य में समतल भूमि पर बसे खरवार आदिवासी जातियों के प्रमाण पत्रों को बिहार सरकार के अंचल पदाधिकारियों द्वारा निर्गत नहीं किया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि इन खरवार जातियों के पास 1970 का पैतृक खतियान में खरवार जाति अंकित है, परन्तु संबंधित पदाधिकारियों द्वारा 1910 के खतियान का जिक्र करते हुए निरस्त कर दिया जाता है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि बिहार के रोहतास एवं कैमूर जिला सहित पूरे राज्य में समतल भूमि पर बसे आदिवासी खरवार जातियों का संबंधित मंत्रालय द्वारा सर्वे कराकर जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने की कृपा की जाए।